दिल्ली विकास प्राधिकरण

(मुख्य योजना अनुभाग)

सार्वजनिक सूचना

नई दिल्ली, 7 मार्च 2025

एफ. 20 (19)/2013/एमपी– दिल्ली विकास प्राधिकरण/केंद्र सरकार, दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 की धारा 11–क के तहत दिल्ली मुख्य योजना–2021/क्षेत्रीय विकास योजना जोन "डी" (क्र.सं. 1 हेतु), जोन–ए (क्र.सं. 2 हेतु) एवं जोन–सी (क्र.सं. 3 हेतु) में निम्नलिखित संशोधन करने का प्रस्ताव करती है, जिसे जनता की जानकारी के लिए एतदद्वारा प्रकाशित किया जाता है। प्रस्तावित संशोधन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो/सुझाव देना हो तो, वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से तीस (30) दिनों की अवधि के भीतर ऑनलाइन पोर्टल citzservices.dda.org.in या ई–मेल **mpd2021.public@dda.org.in** पर या लिखित रूप में आयुक्त एवं सचिव, डीडीए, "बी" ब्लॉक, विकास सदन, नई दिल्ली–110023 को अपनी आपत्ति/सुझाव भेज सकता है। आपत्ति या सुझाव देने वाले व्यक्ति अपना नाम, पता और टेलीफोन/संपर्क नंबर/ई–मेल आईडी भी दें, जो पठनीय हो।

प्रस्तावित संशोधनः

क्र. सं.	अवस्थिति	क्षेत्रफल	एमपीडी–2021/जेडडीपी के अनुसार भूमि उपयोग	परिवर्तित भूमि उपयोग	सीमाएं
1.	योजना ज़ोन–डी में आने वाले मिंटो रोड, नई दिल्ली पर प्रस्तावित आवासीय (समूह आवास)	1.41 हेक्टेयर (14,123 वर्ग मीटर)	एमपीडी–2021 के अनुसार "मनोरंजनात्मक" पी2 (सिटी पार्क, डिस्ट्रिक्ट पार्क, कम्यूनिटी पार्क) ज़ोन–डी–2001 के ज़ेडडीपी के अनुसार "मनोरंजनात्मक" (डिस्ट्रिक्ट पार्क)	"आवासीय"	**उत्तरः** लेन (मार्गाधिकारः 12 मीटर) **दक्षिणः** जहाँगीर रोड (जेडडीपी–2001 के अनुसार मार्गाधिकारः 30.48 मीटर) **पूर्वः** मिंटो रोड (जेडडीपी–2001 के अनुसार मार्गाधिकारः 30.48 मीटर) **पश्चिमः** भवभूति मार्ग (जेडडीपी–2001 के अनुसार मार्गाधिकारः 30.48 मीटर)
2.	योजना ज़ोन–ए में आने वाले लोथीयन कब्रिस्थान, यमुना बाजार के निकट स्थित स्थल	1.2 हेक्टेयर	ज़ोन–ए की क्षेत्रीय विकास योजना के अनुसार "आवासीय"	"मनोरंजनात्मक" (डिस्ट्रिक्ट पार्क)	**उत्तरः** महात्मा गांधी मार्ग **दक्षिणः** नेताजी सुभाष मार्ग **पूर्वः** हनुमान मंदिर **पश्चिमः** केला घाट मार्ग
3.	योजना ज़ोन–सी में आने वाले बर्फ खाना चौक में स्थल	0.6 हेक्टेयर	ज़ोन–सी के क्षेत्रीय विकास योजना के अनुसार "आवासीय"	"मनोरंजनात्मक" (डिस्ट्रिक्ट पार्क)	**उत्तरः** लाला हरदेव सहाय मार्ग **दक्षिणः** लाला हरदेव सहाय मार्ग **पूर्वः** रानी झाँसी फ्लाईओवर **पश्चिमः** लाला हरदेव सहाय मार्ग/बर्फखाना चौक

प्रस्तावित संशोधनों को दर्शाने वाला पाठ/प्लॉन उप निदेशक, मुख्य योजना अनुभाग, दिल्ली विकास प्राधिकरण, छठी मंजिल, विकास मीनार, आई.पी. एस्टेट, नई दिल्ली–110002 के कार्यालय में ऊपर उल्लिखित अवधि के भीतर सभी कार्य दिवसों में निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगा। प्रस्तावित संशोधन को दर्शाने वाला पाठ/प्लॉन निम्नलिखित लिंक अर्थात **https://dda.gov.in/mpd-2021-public-notices-2025** और **https://citzservices.dda.org.in** पर उपलब्ध है।

सुरेंद्र कुमार मीणा, आयुक्त एवं सचिव

हमें यहाँ फॉलो करें : ddaofficial official_dda official_dda_

"कृपया दि.वि.प्रा. की वेबसाइट www.dda.gov.in देखें और डायल करें टोल फ्री नं.: 1800-110332"